भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा उत्पादन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न 5584

27 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए

सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों और आयुध निर्माणियों में संविदा कर्मचारी

5584. श्री अजेन्द्र सिंह लोधी:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों (डीपीएसयू) और आयुध निर्माणी इकाइयों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों की श्रेणी-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार के पास ऐसे संविदा कर्मचारियों का ब्यौरा है, जो पूर्व में आयुध निर्माणी इकाइयों में स्थायी पदों पर कार्यरत थे और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि जोखिमपूर्ण उत्पादन इकाइयों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों हेतु पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं, जोखिम भत्ता, आकस्मिक अवकाश और पदोन्नति के पर्याप्त अवसर नहीं हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इन कर्मचारियों के कल्याण और सेवा संबंधी शर्तों में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ङ) विगत दस वर्षों के दौरान डीपीएसयू में स्वीकृत पदों, भरे हुए पदों और रिक्त पदों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) : दिनांक 13.03.2026 की स्थिति के अनुसार पूर्ववर्ती आयुध निर्माणी बोर्ड (ओएफबी) से बनाए गए 07 नए रक्षा संबंधी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) में संविदा कर्मचारियों (निश्चित अवधि) की कुल संख्या 11,863 है।

(ख) : चूंकि पूर्ववर्ती आयुध निर्माणी बोर्ड दिनांक 01.10.2021 से अस्तित्व में नहीं है इसलिए ऐसे कोई भी संविदा कर्मचारी नहीं हैं जो आयुध निर्माणी बोर्ड में स्थायी पदों पर कार्यरत थे।

(ग) और (घ) : संविदा कर्मचारी जो जोखिमपूर्ण उत्पादन इकाइयों में कार्यरत हैं, को रोजगार संबंधी सभी लाभ जैसे, चिकित्सा अवकाश, आकस्मिक अवकाश, जोखिम भत्ता आदि इस संबंध में मौजूदा सरकारी नियमावली एवं दिशानिर्देशों के अनुसार प्राप्त होते हैं।

(ड.) : रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों में पिछले दस वर्षों के दौरान स्वीकृत पदों, भरे हुए पदों एवं रिक्तियों का विवरण इस प्रकार है:

रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम	वर्ष (31 मार्च की स्थिति के अनुसार)	स्वीकृत पद	भरे हुए पद	रिक्त पद
09 पुराने रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम	2016	69251	63660	5591
	2017	67149	61303	5846
	2018	65490	59304	6186
	2019	59638	56953	2685
	2020	57381	54292	3089
	2021	55054	51791	3263
	2022	52738	49345	3393
	2023	51171	47408	3763
	2024	49894	46197	3697
	2025	48350	44844	3506

रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम	वर्ष	स्वीकृत पद	टिप्पणियां
07 नए रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम	2025-26 (28.08.2025 की स्थिति के अनुसार)	58903	आयुध निर्माणी बोर्ड के निगमीकरण के फलस्वरूप, 07 नए रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों (एमआईएल, एवीएनएल, एडब्ल्यूईआईएल, वाईआईएल, आईओएल, टीसीएल, जीआईएल) ने 01.10.2021 से कार्य करना प्रारंभ किया था। पूर्ववर्ती आयुध निर्माणी बोर्ड के केंद्र सरकार के कर्मचारी इन रक्षा क्षेत्र के

			सार्वजनिक उपक्रमों में मानित प्रतिनियुक्ति आधार पर पदस्थ हैं। अत:, इस स्तर पर कोई रिक्ति सुनिश्चित नहीं है।

*****